डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 64 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 13 दिसम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया




## हरदीपसिंह डंग का मंत्री पद तय?

### ओमप्रकाश सकलेचा हो सकते हैं ड्रॉप, संसदीय क्षेत्र में सिर्फ एक को मिल सकता है मौका, राजेन्द्र पांडे, दिलीपसिंह परिहार भी है दावेदार



**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** संसदीय क्षेत्र में पहले 3 मंत्री थे, जगदीश देवड़ा, ओमप्रकाश सकलेचा और हरदीपसिंह डंग। अब संभावना है कि एक ही को मौका मिलेगा। इसका कारण है कि संसदीय क्षेत्र के मल्हारगढ़ से विधायक श्री देवड़ा को डिप्टी सीएम के पद से नवाजकर क्षेत्र को एक तोहफा दिया गया है। इधर शिवराज सरकार के उन्नीस मंत्री जीतकर वापिस आए है। तो उनमें से भी अधिकांश को कहीं न कहीं सेट करना जरुरी होगा। इसके अलावा नए चेहरों को भी मौका मिलने की संभावना बन रही है। कुल मिलाकर अब संसदीय क्षेत्र से एक मंत्री और एक डिप्टी सीएम होने के समीकरण बन रहे हैं। ऐसे में हरदीपसिंह डंग की संभावना ज्यादा बन रही है। वहीं ओमप्रकाश सकलेचा को ड्रॉप किया जा सकता है। खैर इस दौड़ में इस बार जावरा विधायक राजेंद्र पाण्डेय और चौथी बार जीतकर आए दिलीपसिंह परिहार को भी माना जा रहा है। लेकिन, कहीं न कहीं संसदीय क्षेत्र से डिप्टी सीएम बनाकर कईयों की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। वैसे भी इस बार यह निर्णय भी किया जा सकता है कि छिंदवाड़ा को छोड़कर सभी 28 संसदीय क्षेत्र से एक मंत्री लिया जाए। हालांकि, आज 13 दिसंबर को भोपाल के मोतीलाल नेहरु स्टेडियम में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री सहित 20 से अधिक मंत्रियो द्वारा शपथ लेने की संभावना है।

#### हरदीप सिंह डंग इसलिए...

इधर जगदीश देवड़ा को डिप्टी सीएम बनाने के बाद हरदीपसिंह डंग को ड्रॉप करने की बात जरुर चल रही है। लेकिन, एक पहलू यह है कि हरदीपसिंह डंग पूरे प्रदेश में एकमात्र सिख समुदाय से ताल्लुक रखने वाले विधायक है। मोहन यादव को सीएम बनाकर भाजपा ने यूपी और बिहार के यादव समुदाय को साधने की कोशिश की है। इधर हरदीप को मंत्री बनाकर उनका उपयोग पंजाब को साधने के लिए भी किया जा सकता है। वैसे भी अल्पसंख्यक कोटे से भी हरदीपसिंह को लिये जाने की संभावना ज्यादा है।

#### उन्नीस मंत्री फिर से जीतकर आए...

मध्यप्रदेश में सीएम की घोषणा होने के बाद अब मंत्रिमंडल की भी अटकलें लगने लगी हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में पूर्व के 12 मंत्री चुनाव हार गए थे। अब 19 मंत्री दोबारा चुनाव जीतकर आए हैं। ऐसे में अब इन पर भी विचार किया जा सकता है कि इनमें से किन किन मंत्रियों को दोबारा मंत्री बनाया जाएगा। जो मंत्री चुनाव जीतकर आए हैं, उनमें गोपाल भार्गव, बिसाहूलाल सिंह, गोविंद सिंह राजपूत, उषा ठाकुर, तुलसी सिलावट, विजय शाह, भूपेंद्र सिंह, विश्वास सारंग, प्रभुराम चौधरी, इंदर सिंह परमार, हरदीप सिंह डंग, प्रद्युम्न सिंह तोमर चुनाव जीत गए हैं। इनमें से एक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम भी चुनाव जीते हैं। वहीं वरिष्ठो में हेमंत खंडेलवाल, संजय पाठक, अर्चना चिटनिस, रमेश मेंदोला, मालिनी गौड़, रामेश्वर शर्मा, सुरेंद्र पटवा, महेंद्र सिंह हार्डिया, कृष्णा गौर भी विधायक बन गए हैं।

# लोकसभा में दिक्कत दे सकता है भीतरघात




**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा में भीतरघात शब्द विधानसभा चुनाव में मंदसौर सीट पर ज्यादा ही चर्चाओं में रहा। सोशल मीडिया पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थकों का गुस्सा भी नेताओं के खिलाफ देखा गया। वहीं ऑडियो भी वायरल हुए। लेकिन, यह स्थिति मंदसौर ही नहीं, बल्कि सुवासरा, गरोठ और मल्हारगढ़ में भी बनी। हालांकि, यहां भीतरघात पर नरेंद्र मोदी, शिवराजसिंह चौहान और लाडली बहना भारी पड़े। खैर, यह चुनाव तो निकाल लिया। लेकिन, विधानसभा चुनाव में हुए भीतरघात के जन्म के बाद आने वाले लोकसभा चुनाव में कहीं न कहीं भाजपा को नुकसान हो सकता है।

#### इसलिए लोकसभा में नुकसानदायक...

चारों विधानसभा में कहीं न कहीं भीरतघात के आरोप प्रत्यारोप प्रत्याशी और उनके समर्थक नेताओं पर लगा रहे हैं। इससे कहीं न कहीं आपसी मनमुटाव पैदा हो रहा है।

### [ मंदसौर ही नहीं चारों विस में अपने हुए बेगाने ]

इधर सीएम का चेहरा मप्र में बदल गया है। इसका प्रभाव लोकसभा चुनाव में क्या पड़ेगा, यह समय बताएगा। इसके अलावा लोकसभा चुनाव हेतु टिकीट को लेकर भी नेताओं ने प्रयास शुरु कर दिए है। टिकीट वितरण के बाद नाराजगी हर बार किसी न किसी खेमे में तय है। ऐसे में सभी नेताओं को समेटना मुश्किल हो सकता है।

#### गरोठ पहली बार गया, पिपलियामंडी में भी हारे...

मंदसौर में इस बार भीतरघात और एंटी इकम्बेंसी के कारण मंदसौर की सीट पार्टी हार गई और 20 सालों के बाद कांग्रेस ने यहां वापसी की। नपा में भाजपा समर्थित वार्डों में ही भाजपा हार गई। इस संबंध में संगठन स्तर पर शिकायतें भी हुई। लेकिन, बात करें गरोठ और मल्हारगढ़ की तो यहां भी भीतरघात को महसूस किया जा सकता है। इसी कारण गरोठ में पहली बार कांग्रेस ने जीत हासिल की तो मल्हारगढ़ में पिपलया मंडी में इसका असर देखा गया। हालांकि, मल्हारगढ़ में वित्तमंत्री देवड़ा का अपने प्रबंधन से भीतरघात का कार्ड अधिक नहीं चला।

#### सुवासरा में विजय प्रत्याशी ने माना भीतरघात...

सुवासरा विधानसभा से जीतने के बाद मंत्री हरदीपसिंह डंग ने अपने क्षेत्र में जुलूस के दौरान खुले मंच पर कहा कि भीतरघात हुआ है। उन्होंने कहा कि मैं जब कांग्रेस में था तो मुझे नीतियां नहीं जमी तो मैंने इस्तीफा दे दिया और भाजपा में आया। लेकिन, कभी पार्टी के साथ भीतरघात नहीं किया। किन्तु, यहां कई ने खुले रुप से भीतरघात किया। विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों पर मंत्री ने खुले रुप से भीतरघात की बात कही। साथ ही यह भी जानकारी मिली कि भीतरघात को लेकर मंत्री डंग ने प्रदेश संगठन व प्रदेश के नेताओं को ऑडियो क्लीप के सबूतों के साथ शिकायत की है। साथ ही सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में जातिवाद का कार्ड भी खेला गया। हालांकि डंग अपने प्रबंधन की वजह से भीतरघात के बाद भी चुनाव जीतने में सफल रहे।

#### शिकायतें भी पहुंच रही...

भीतरघात जिले की चारों विधानसभा सीटों पर हुआ। लेकिन, मंदसौर में हार के बाद भीतरघात की सबसे अधिक चर्चा व नाम यहीं पर चर्चाओ में है। खुद संगठन के नेता कह चुके है कि मौखिक शिकायत मिल रही है। पर, सबूत के साथ पुख्ता शिकायत का इंतजार है। मंदसौर में भीतरघात ने बीजेपी को चुनाव हरवा दिया। भीतरघात सुवासरा, मल्हारगढ़ से लेकर गरोठ में भी हुआ। लेकिन, वहां प्रबंधन ने इसे अधिक हावी होने नहीं दिया। ऐसे में माना जा रहा है कि भीतरघात को लेकर आगामी दिनों में प्रदेश संगठन से जिले में बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

## मोदी की मौजूदगी में आज मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे मोहन यादव

**भोपाल, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा चुनाव में बंपर जीत मिलने के बाद उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार निर्वाचित विधायक मोहन यादव को विधायक दल के नेता के तौर पर चुनकर पार्टी ने सभी को चौंका दिया। श्री यादव आज बुधवार 13 दिसंबर को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित समारोह में शपथ लेंगे। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। आयोजन की तैयारियां जोरों पर है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में राज्य की 230 में से 163 सीटों पर जीत दर्ज की है।





बीते एक सप्ताह से विधायक दल का नेता कौन होगा, इसकी कयासबाजी जारी थी। विधायक दल की बैठक में सोमवार को मोहन यादव को नेता चुना गया और वे आज बुधवार को शपथ ग्रहण करने वाले हैं। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने आयोजन स्थल मोतीलाल नेहरू स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।


श्री शर्मा ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि बुधवार को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में मुख्यमंत्री मोहन यादव का शपथ ग्रहण समारोह होने वाला है। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा के अलावा तमाम नेता मौजूद रहेंगे।

# भाजपा हाई कमान को मोहन यादव में राष्ट्रीय रणनीतिकार की क्षमता नजर आई

**मंदसौर/उज्जैन, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के विधायक दल के नेता के रूप में डॉक्टर मोहन यादव का चुनाव होना प्रदेश के प्रत्येक राजनीतिज्ञ को अचरज में डाल चुका है। आज भी लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। जबकि, यह पहले से तय था कि बिल्कुल ही नया नाम प्रतिस्पर्धा में रहने वालों से अलग होगा। पर, इतना अलग होगा कि सभी अनुमानित नाम वाले नेता भी आश्चर्य में पड़ जाएंगे कि उन्हें पीछे छोड़ने वाला नाम कभी उन्हीं के सहारे राजनीति करते हुए सीढिया चढ़ते हुए उज्जैन दक्षिण के विधायक पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं।

आज उनके शपथ ग्रहण का कार्यक्रम है। भाजपा हाईकमान की कार्यप्रणाली से तो यह स्पष्ट ही था की सतह पर संभावित नाम को छोड़ नया नाम ही घोषित होगा। अभी भी कुछ यह जानने में लगे हुए हैं कि कैसे चयन हुआ तो कुछ यह की, क्यों कर मोहन यादव को चुना गया! स्तंभकार ने भी अपनी उम्र के समीक्षको और राजनीतिक जानकारों से चर्चा की तो अनुभवों की छलनी से जो छनकर आया वह मानने योग्य निचोड़ था। डा. यादव युवावस्था से ही संघ के प्रति आकर्षण रखने वाले विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता थे। परिषद में ही रहते हुए छोटी उम्र में भी मोहन यादव संघ प्रचारक की तरह दो-तीन जोड़ी कपड़े बैग में रख संगठन के आदेश पर जहां भेजा जाता, निकल जाते थे। तब राज्य परिवहन निगम की बसें चला करती थी। बैठने को सीट मिल जाए तो ठीक नहीं तो टूल बॉक्स पर बैठकर या खड़े रहकर यात्रा करते मैने भी अनेकों बार देखा था। स्व. शालिग्राम तोमर के सानिध्य में विद्यार्थी परिषद का काम करते हुए कर्मठ कार्यकर्ता बने और संगठन को लगातार मजबूत करते रहे।

जब दिग्विजय सिंह की कांग्रेस सरकार थी, तब मोहन यादव लगातार सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए कभी ट्रेन रोको आंदोलन तो कभी धरना प्रदर्शन हड़ताल करते नजर आते थे। बीजेपी की राजनीति में लगातार अपने कद और प्रतिष्ठा को जमाने के साथ उसमें इजाफा करते नजर आए। सीढ़ी दर सीढ़ी उनकी राजनीतिक प्रगति संगठन के पदों के साथ प्राधिकरण अध्यक्ष फिर पर्यटन निगम अध्यक्ष, विधायक फिर मंत्री और अब प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। भाजपा हाईकमान में बैठे राजनीतिक जानकारों ने निश्चित ही मोहन यादव के रिपोर्ट कार्ड के साथ उनकी संयमित प्रगति का आकलन किया होगा। गैर राजनीतिक परिवार से निकलकर इतना सब अपने समर्पण को सांगठनिक कामों के बदले पाना हर एक के बस की बात नहीं है। इसलिए राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मोहन यादव की इन्हीं क्षमताओं के कारण उन्हें भावी लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार के यादव मतों को आकर्षित कर भाजपा के झोले में डालने वाला क्षमतावान चुंबकीय नेता माना जा रहा है।



चन्द्रमोहन भगत

देश के राज्यों का राजनीतिक परिदृश्य स्पष्टकर रहा है कि दक्षिण के राज्यों में भाजपा लोकसभा चुनाव के समय बहुत कुछ हासिल नहीं कर पाने के मैसेज के साथ भाजपा हाईकमान ने उत्तर पूर्व, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान से सांसदों का कोटा पूर्ण कर देने के साथ ही साथ ही बिहार और उत्तर प्रदेश से भी भाजपाई मतों के साथ यादव मतों को भी समेटकर भाजपा के खाते में स्वत: आकर्षित करने का काम डॉक्टर मोहन यादव की काबिलियत के सहारे किया जाएगा। इसका एक कारण माना जा रहा है कि उत्तरप्रदेश के सुल्तानपुर जिले का अकोड़ी गांव डा. यादव का ससुराल है। बड़े छत्रप नेताओं वाली भाजपा में इतनी जिम्मेदारी वाली योजना को मूर्त रूप देने के लिए डा. यादव का चयन यह स्पष्ट करता है कि भाजपा हाईकमान ने उनमें राष्ट्रीय रणनीतिकार की क्षमता देख इतने जिम्मेदार पद से नवाजा है। प्रदेश की जनता ने स्पष्टदेखा है कि जितने भी बड़े नाम वाले नेता डॉक्टर मोहन यादव को अपने से छोटा मान रहे थे। अचानक उनके ही राजनीतिक कद कितने बौने नजर आ रहे हैं।

## सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंड, 13 डिग्री पहुंचा पारा



**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में सर्द हवाओ के चलते ठंड का सितम दोबारा शुरू हुआ है। दिन सामान्य और रातें ज्यादा सर्द हो रही है। ऐसा उत्तर से आ रही सर्द हवाओं के कारण हो रहा है।

मौसम वैज्ञानिकों की माने, तो बादल छंटने और वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव नहीं होने से मौसम ऐसा बना हुआ है। अगले 2-3 दिन तक ऐसी ही ठंड पड़ेगी। दिन का तापमान 23 डिग्री और रात का तापमान 13 डिग्री के आसपास बना हुआ है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे के अनुसार वर्तमान में प्रदेश के आसपास कोई नया सिस्टम नहीं है। बादल छंट गए हैं और नमी भी घटी है। वहीं, उत्तर पश्चिम से सर्द हवा आ रही है। इस कारण प्रदेश में सर्दी का असर बढ़ा है।




## लव मैरिज से नाराज पिता ने बेटी के ससुर का किया अपहरण

### पुलिस ने दबाव बनाया तो छोड़ा, फरार हुआ

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस। पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर लव मैरिज करने से नाराज पिता ने बेटी के ससुर का अपहरण कर लिया। मामला थाने पर पहुंचा जिसके बाद पुलिस के दबाव में आरोपी ने अपने समधी को छोड तो दिया फरार हो गया। पुलिस अब पड़ताल कर रहीं है। घटना उस वक्त हुई जब युवक-युवती बयान के लिए थाने पर पहुंचे, यहां युवती ने स्वेच्छा से विवाह करने और युवक के साथ ही रहने की इच्छा जताई। इसके बाद जब युवक के पिता पैदल जा रहे थे। इसी दौरान अपहरण कर लिया।**

सीतामऊथाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धमनार निवासी युवक गोविंद और रावटा गांव की युवती गोमती ने पिछले दिनों शादी कर ली। इस पर युवती के पिता ने इसकी शिकायत पुलिस को की थी। सोमवार को युवक युवती के बयान सीतामऊमें होना थे। बयान देने युवक गोविंद और गोमती, अपने पिता भागीरथ और एक अन्य परिजन के साथ पहुंचा। तब लड़की ने अपनी मर्जी से शादी करने और अपने पति के साथ रहने की बात कही। पुलिस ने युवती को उसके पति के साथ भेज दिया। ऐसे में वापस लौटते वक्त युवक के पिता पैदल जा रहे थे। तभी युवती के पिता नागुलाल और जीजाजी गोपाल बाइक पर वहां आए और युवक के पिता का अपहरण कर लिया। वहीं उन्हें छोड़ने के बदले में बेटी को वापस घर भेजने की मांग रख दी। परिजनों ने इसकी शिकायत सीतामऊथाने में की। पुलिस ने दबाव बनाया तो युवती के पिता और जीजाजी ने युवक के पिता तो छोड़ दिया और फरार हो गए। मामले में सीतामऊ टीआई किशोर पाटनवाला ने बताया कि युवती के पिता नागुलाल और जीजा गोपाल के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। युवक के पिता को छोड़ दिया था वे उनके घर पहुंच गए है। फिलहाल युवती के पिता और उनका जमाई फरार है। दोनों की तलाश की जा रही है।





# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चार खिलाड़ियों का चयन

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्वामी रामानन्द तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय नान्देड़ महाराष्ट्र में 13 दिसंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित होने वाली पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता भाग लेने वाली विक्रम यूनिवर्सिटी उज्जैन वॉलीबॉल पुरुष टीम में मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन की खिलाड़ियों नमन शर्मा, चयन माली, अनिलदास बैरागी, कुणाल राठौड़ का चयन हुआ है यह 4 बालक का नांन्देड़ महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। खिलाड़ियों के चयन होने पर शासकीय पी.जी .कॉलेज मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन .शर्मा, पी.जी .कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंदसौर के खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, जिला क्रीड़ा अधिकारी मंदसौर बंशीलाल बारीवाल, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी मंदसौर अशोक शर्मा ,पी.जी. कॉलेज दलौदा खेल अधिकारी अब्दुल रजाक, शासकीय कन्या कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारी मनीष पांचाल एवं जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री नरेंद्रसिंह चौहान एवं सदस्यगण विनय दुबेला, संदीप खाबिया, शेर मोहम्मद खान, सज्जन श्रीमाल, रोहित शर्मा, अनिल पाटीदार, रउफ खान, रितेश पोरवाल, अनिल पाटीदार, मिलिंद सांखला, रंजन छाबड़ा, राजेंद्रसिंह, अभिषेक सेठिया, अक्षय नलवाया, मोहित शर्मा, अभिषेक यादव, पंकज मालवीय, आशीष रेठा, आस्था भावसार, विनय अग्रवाल, संयम चौहान, दिव्यांशी गुप्ता, नेहा सालवी, जानवी हाडा, व मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव श्री त्रिभुवन कविश्वर ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की यह जानकारी जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के कोच अभिषेक सेठिया ने दी।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में दिए निर्देश 46 लोगों की सुनी समस्याएं



**नीमच, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर कार्यालय नीमच में मंगलवार को कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री गुरूप्रसाद ने जनसुनवाई करते हुए 46 आवेदकों से आवेदन प्राप्त कर, उनकी समस्याएं सुनी और उनका तत्काल निराकरण करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एसडीएम डॉ.ममता खेडे, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह, सुश्री प्रिती संघवी, डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव शाहू सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में इन्दिरा नगर नीमच के श्रमिक राजू पिता वरदीचन्द सूतार ने आवेदन प्रस्तुत कर,महू रोड नीमच में गोदाम निर्माण के कार्य में की गई मजदूरी 66849 रूपये का बकाया भुगतान दिलाने का अनुरोध किया। इस पर कलेक्टर ने सहायक श्रम पदाधिकारी नीमच को आवेदक श्रमिक राजू सुतार की शेष मजदूरी का भुगतान दिलाने के निर्देश दिए और कहा,कि श्रम अधिकारी स्वयं जाकर मजदूरी का भुगतान दिलाएं। इन्दिरा नगर नीमच के फकीर चन्द पंवार ने म.नं.एल-24 का नामांतरण करवाने संबंधी आवेदन पर कलेक्टर ने नगरपालिका नीमच के सीएमओ को लम्बित सभी नामातंरण प्रकारणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी तरह इन्दिरानगर के भेरूलाल माली गृहक्लेश करने व झुठी रिर्पोट लिखाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, रामपुरा की हाजराबी ने मारपीट करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने,संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए जनसुनवाई में योजना क्रं.-36 नीमच के गोपालकृष्ण, कुकडेश्वर के कैलाशचंदेल,नीमच विनोबागंज के माधवलाल कुचबंदिया, बोरखेडी के जगदीश ब्राहमण, गोपालगंज ग्वालटोली की कमलीबाई ग्वाला,जीरन की जमीलाबानो, पिपलोन के देवीलाल एवं मनासा के झुग्गीवासी प्रेमबाईभील, गुडडी, संतोषभील, शहनाज बी, सकीना, पार्वती, श्यामलाल भील आदि ने अपने आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याएं सुनाई।



# देवड़ा को डिप्टी सीएम बनाये जाने पर जश्न मनाया

**सुवासरा, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा नगर में पुराना बस स्टैंड ओल्ड पलासिया पर भाजपा मंडल के अध्यक्ष नेपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव , मध्यप्रदेश शासन के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, व मध्यप्रदेश शासन के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को मनोनीत किए जाने पर नगर आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल के महामंत्री श्याम सिंह देवड़ा( देवरिया विजय ),भाजपा मंडल के महामंत्री मगनलाल सूर्यवंशी (सुवासरा गांव) ,सुवासरा नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. बालराम परिहार ,सीतामऊ जनपद पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि तूफान लाल वर्मा (देवपुरा बामणी), विधायक प्रतिनिधि मनोहर सिंह सोलंकी(तरनोद), मेहरबान सिंह विधायक प्रतिनिधि (रेंटडी),भाजपा कार्य समिति प्रदेश सदस्य रामगोपाल कला, गोपाल सनन, सुवासरा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच भगवती लाल ट्रेलर, पूर्व पार्षद मदन सोनी, महेश धनोतिया पार्षद प्रतिनिधि, राकेश सोनी सभापति प्रकाश जायसवाल पार्षद प्रतिनिधि ,संदीप वर्मा पार्षद प्रतिनिधि ,अनिल रतनावत ,दिनेश गुप्ता, परमजीत सिंह वोडा ,बालचंद पाटीदार, उमेश सोनी ,भारत सिंह गुर्जर, राहुल धनोतिया ,श्याम मुनिया,मनीष डपकरा ,चेतन चौधरी, सुधीर खुराना, अभय कुमार जैन, हेमंत सोनी, श्याम बामनिया, शंभू लाल पवार ,राकेश गहलोत, महेश नीम ,राजेश फरक्या आदी ने बढ चढ़कर हिस्सा लिया।

## पचास दिन से अधिक की सीएम हेल्पालाईन शिकायतों को प्राथमिकता से निराकरण करें-जैन

**नीमच, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी विभागों के जिला अधिकारी सीएम हेल्पलाईन में दर्ज हर एक शिकायत को स्वंय देखें और हर एक शिकायत का संतुष्टी के साथ निराकरण दर्ज करें। पचास दिवस से अधिक की लम्बित शत-प्रतिशत शिकायतों का निराकरण दर्ज करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के विभागवार निराकरण की समीक्षा करते हुए जिला अधिकारियो को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, संयुक्त कलेक्टंर श्री राजेश शाह सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन सीएम हेल्पलाईन शिकायतों में जिला या विभाग स्तर से कोई भी कार्यवाही शेष नही है, उनमें फोर्स क्लोज की कार्यवाही करवायें। जिन शिकायतों में निराकरण कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, उनमें निराकरण का प्रतिवेदन ऑनलाईन दर्ज करवायें। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को शिकायतों को समयसीमा में संतुष्टी के साथ निराकरण दर्ज कर अपने विभाग की रैंक में सुधार लाने के निर्देश दिए है।

# अंतरराष्ट्रीय वक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी बहन का व्याख्यान 4 को, बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मिशन से जुड़ी जीवन प्रबंधन और आध्यात्मिक विषयों की अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रह्मकुमारी शिवानी बहन आगामी 4 मंदसौर आ रही हैं। इस दिन सुबह 7:30 बजे कॉलेज ग्राउंड पर उनकेव्याख्यान का व आयोजन रखा गया है। इसके साथ ही मोटिवेशनल स्पीकर बीके शक्तिराज भाई का व्याख्यान भी 5 से 8 जनवरी तक होगा। इस आयोजन को सुचारू स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा आत्म कल्याण भवन में नगर के गणमान्य जनों की उपस्थिति में एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें आत्म कल्याण भवन मंदसौर की संचालिका ब्रह्माकुमारी उषा बहन ने बीके शिवानी बहन के मंदसौर प्रवास के संदर्भ में संपूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने बताया है कि शिवानी बहन 4 जनवरी को सुबह 6:00 बजे रतलाम से प्रस्थान कर मंदसौर पहुंचेगी कॉलेज ग्राउंड में प्रात: 7:30 बजे उनकेव्याख्यान का आयोजन निश्चित किया गया है इस हेतु सभी तैयारियां की जा रही है। लगभग 10 हजार लोग व्याख्यान सुन सकें ऐसी व्यवस्था की जा रही है। आयोजन में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा रजिस्ट्रेशन के बाद एक प्रवेशी का प्राप्त होगी उसी के आधार पर निशुल्क प्रवेश मिलेगा इसके लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान के स्थानीय आत्म कल्याण भवन तलेरा विहार पर संपर्क किया जा सकता है । बैठक में ब्रह्माकुमारी हेमलता बहन, मंदसौर जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी तथा पत्रकार लोकेश पालीवाल मंचासीन थे। नगर केगणमान्य जन बैठक में सम्मिलित हुए जिनमें वरिष्ठ समाजसेवी दृष्टानंद नेनवानी, शिक्षाविद रमेशचंद्र चंद्रे, दशपुर जागृति संगठन के संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम, लायंस क्लब के संभागीय पदाधिकारी विकास भंडारी, देहली पब्लिक स्कूल के संचालक प्रदीप भाटी, नंदू भाई आडवाणी, सुनील बंसल, राजाराम तंवर अजीजुल्लाह खान खालिद, श्रीमती आभा त्रिवेदी आदि प्रमुख थे। इस वृहद आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सभी वर्ग के लोग जुड़े,व्यापक प्रचार प्रसार हो इस संदर्भ में बैठक में मौजूद महानुभावों ने उपयोगी सुझाव दिए। संचालन बृजेश जोशी ने किया आभार ब्रह्माकुमारी हेमलता बहन ने माना।

## मालवी गुजराती प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मालवी गुजराती प्रजापति समाज विकास समिति जिला मंदसौर के तत्वावधान में छठा सामूहिक विवाह सम्मेलन बंजारी बालाजी पानपुर में आचार्य पं. रामनारायण जोशी केसानिध्य में पुरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह सम्मेलन में तुलसा माताजी जोड़े सहित कुल 10 जोड़े परिणय सूत्र मे बंधे। मुख्य अतिथि के रूप में प्रजापति समाज की गौरव राम कथा प्रवक्ता सुश्री सीता बहन मारुति धाम आश्रम गुडभेली तथा विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मुंदेडी के पूर्व सरपंच करणी सेना के वरिष्ठ वरिष्ठ सदस्य ठा. कृष्णपाल सिंह शक्तावत, समाज केगौरव कवि दादू, नगर परिषद मल्हारगढ़ के उपाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति, नगर परिषद मल्हारगढ़ के पूर्व अध्यक्ष दिनेश प्रजापति, दुधाखेड़ी धर्मशाला विवाह समिति के अध्यक्ष श्री दिलीप प्रजापति शामगढ़, पानपुर के सरपंच श्री चैनसिंह आदि अतिथिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों ने सभी नवयुगल जोड़ों को उनके सफल वैवाहिक जीवन की बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ठा. कृष्णपालसिंह शक्तावत ने प्रत्येक जोड़े को सिलाई मशीन, समाजसेवी डॉ. दिलीप कुमार नागौरे मंदसौर ने वॉटर कैन तथा मुकेश प्रजापति हेड कांस्टेबल सूठी ने हेलमेट कन्यादान के रूप में भेंट किया।

# देश के संसाधनों का सीमित उपयोग करना भी देशभक्ति...

**पत्र संपादक के नाम**

संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्ष 14 दिसंबर ऊर्जा संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है। किसी भी देश व प्रदेश के विकास और उन्नति की कल्पना भी ऊर्जा के बिना नही की जा सकती। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगो को ऊर्जा के महत्व, बचत एवम संरक्षण के बारे में जागरूक करना है। ऊर्जा संरक्षण का सही अर्थ है ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग से बचते हुवे कम से कम ऊर्जा का उपयोग करना है ताकि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाया जा सके। देश की ऊर्जा की मांग व आपूर्ति में बहुत बड़ा अंतर हे। हमारे जीवन में प्रतिदिन के विभिन्न कार्यों के संचालन के लिए ऊर्जा अत्यंत महत्वपूर्ण साधन हे। दुनिया की अर्थव्यवस्था में वृद्धि के साथ साथ प्रतिवर्ष ऊर्जा की मांग भी बढ़ती जा रही हे हम प्रतिदिन विभिन्न रूपो में ऊर्जा का उपयोग करते हे। ऊर्जा संरक्षण की योजना को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यवहार में ऊर्जा संरक्षण को शामिल करना चाहिए। ऊर्जा संरक्षण के अंतर्गत हमे ऊर्जा का उपयोग इस प्रकार से करना चाहिए जिससे वर्तमान की पूर्ति के साथ भविष्य की जरूरते भी पूरी हो सके। ऊर्जा संरक्षण से तात्पर्य ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग हे इसका अर्थ हे ऊर्जा का अनावश्यक उपयोग न करते हुए कम से कम ऊर्जा का उपयोग करना। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जेसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरुरते पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हे साथ ही पर्यावरण अ संतुलन जेसी गंभीर चुनौती भी हे। विश्व की बढ़ती जनसंख्या के साथ ऊर्जा की आवश्यकताएं भी बढ़ती ही जा रही हे। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों का सामना करते हुए ऊर्जा संरक्षण एक वैश्विक और राष्ट्रीय प्राथमिकता हे। हमे ऊर्जा का सदुपयोग करना चाहिए। उदाहरण के तौर पर घर या ऑफिस में लाइट, पंखे का दुरुपयोग न करना। कमरे से बाहर जाते हुए सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बंद करना चाहिए। हमारे दैनिक जीवन मे घरो में उपयोग की जाने वाली विधुत से लेकर फैक्ट्रीज एवम आटोमोबाइल तक बड़े-बड़े प्रोजेक्ट के लिए उर्जा का बड़े स्तर पर उपयोग किया जाता है। ऊर्जा के महत्व को ध्यान में रखते हुवे इसका संरक्षण आवश्यक है। दैनिक जीवन मे उपयोग के लिए पर्याप्त ऊर्जा उत्पन्न हो रही है। इस दिशा में सरकारे भी अच्छा काम कर रही है किंतु दिन ब दिन इसकी मांग बढ़ती ही जा रही है जिससे भविष्य में प्राकृतिक संसाधनो की कमी या समाप्त होने का भय उत्पन्न हो गया है। विवाह व सामाजिक आयोजन भी रात्रि में न करते हुवे दिन में ही करना चाहिए जिससे ऊर्जा की बचत की जा सके। सरकार को भी ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए समय-समय पर गोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन करना चाहिए। एक नागरिक होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि हम अपने देश के भीतर मौजूद ऊर्जा संसाधनो की रक्षा करे और नए ऊर्जा संसाधनो की खोज करे। हमे यह भी समझना होगा कि ऊर्जा की अनुपस्थिति में हमारा जीवन भी अंधकारमय हो जाएगा। इसलिए हमे एकजुट होकर ऊर्जा संरक्षण के उपायो को अपने आचरण में लाना चाहिए। देश के संसाधनो का अनावश्यक उपयोग न करना भी एक प्रकार की देशभक्ति ही है।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

# मध्य प्रदेश में नये युग का सूत्रपात-डॉ. मोहन यादव

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** 11 दिसंबर 2023 को शाम के पांच क्या बजे? पूरे देश का मीडिया इस बात की खोज में लग गया कि आखिर यह डॉक्टर मोहन यादव है कौन? जिसे भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश के विधायक दिल का नेता चुन कर अगला मुख्यमंत्री बना दिया और वह भी सर्वसम्मति से। धीरे-धीरे उनके बारे में जानकारियां सामने आने लगी और रात होते-होते यह स्पष्टहो गया कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय और प्रादेशिक नेतृत्व ने, अपने आप को एक सामान्य कारकर्ता मानने वाले डॉक्टर मोहन यादव को मध्य प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री बना दिया था। चैनलों पर प्रसारित होने वाले दृश्य मोहन जी को जानने वाले लोगों के लिए भाव विभोर करने और आंखों में खुशी के आंसू लाने वाले पल थे । सामने दिख रहा था कि प्रदेश के सर्वाधिक लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले हमारे सबके मामा शिवराज सिंह चौहान मोहन यादव को सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दे रहे हैं । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णु दत्त शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय पर्यवेक्षक के रूप में भोपाल आए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी खट्टर आदि सभी वरिष्ठ नेता मोहन यादव को शुभाशीष दे रहे थे। मोहन जी भी भारतीय संस्कृति के अपने संस्कारों का परिचय देते हुए सभी बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद ले रहे थे।

उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार विधायक बने डॉ. मोहन यादव ऐसे ही सरल सहज और आत्मीयतापूर्ण व्यवहार रखने वाले व्यक्तित्व के धनी हैं । सौभाग्य से मुझे उनके साथ लंबे समय तक काम करने का अवसर मिला हम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में साथ में काम कर रहे थे वे मध्य भारत के प्रांत मंत्री थे और मेरे पास विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक की और बाद में अन्य जिम्मेदारियां रही। हर बैठक, हर कार्यक्रम चाहे वह अभ्यास वर्ग हो या अधिवेशन, प्रदेश स्तर का हो या राष्ट्रीय स्तर का मोहन जी के साथ पूरा समय काम करने का अवसर मिला। बहुत कुछ सीखने को मिला। बड़ी गजब की जिजीविषा वाला व्यक्तित्व है उनका। परिषद कार्य के प्रारंभिक दिनों में उज्जैन के छात्रावास में काम खड़ा करने के दौरान एनएसयूआई के नेताओं से हुए संघर्ष के चिन्ह आज भी मोहन जी के शरीर पर हैं। कई बार उन पर चाकू से हमला किया गया। लेकिन उनकी संघर्षशीलता और परिषद की तात्कालीन टीम ने ना केवल विद्यार्थी परिषद के काम को उज्जैन में अविस्मरणीय स्वरूप प्रदान किया बल्कि मजबूती भी प्रदान की। कार्यक्रमों की रचना कैसे करना, उनमें किन कार्यकर्ताओं को नियोजित करना और किस प्रकार कार्यक्रम को सफलता के उच्चतम शिखर पर ले जाना यह उनसे सीखने को मिला। छात्र राजनीति से अपना कार्यक्षेत्र शुरु करने वाले मोहन जी बहुत ही सरल व्यक्तित्व के धनी और मिलनसार हैं। आप उनसे मिलेंगे तो थोड़ी ही देर में आपको ऐसा लगेगा कि आपको वे बहुत पहले से जानते हैं ।



आज उन्हे भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया है तो यह जिम्मेदारी ऐसे ही नहीं मिल गयी। लंबी संगठन साधना और विचार के प्रति समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचा है साथ ही कार्यकर्ताओं की हर स्तर पर चिंता और समाज की हर गतिविधि से अपने को जोड़ने के उनके स्वभाव ने आज उन्हें सत्ता के शिखर पर आसीन किया है। उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने उज्जैन के विकास की एक नई इबारत उज्जैन में लिखी और मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने मध्य प्रदेश की संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए कई नवोन्मेष किये। भारतीय जनता पार्टी की पिछली सरकार में वह उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में दायित्व का निर्वहन कर रहे थे और उन्होंने नवीन शिक्षा नीति 2020 को लागू करने जैसे गुरुत्तर कार्य को अंजाम दिया। मोहन जी बड़े भाई हैं, मित्र और सखा की भांति रहते हैं। विनम्रता उनका बड़ा गुण है जो उनके व्यवहार में परिलक्षित होता है । संकट के समय किस प्रकार धैर्य रखकर परिस्थितिजन्य निर्णय लेना इसकी उनमें अद्भुत कला है जो सीखने योग्य है। एक बार विद्यार्थी परिषद के अंतरराज्यीय छात्र जीवन दर्शन कार्यक्रम में भाग लेकर पूर्वांचल से लौटते समय मैं, मोहन जी और देश भर के कुछ चुनिंदा कार्यकर्ता साथ में थे तब हमारी ट्रेन के आगे गोरख नेशनल लिबरेशन फ्रंट के उग्रवादियों ने पटरी को उड़ा दिया उस स्थिति में एक पालक की भाँति उन्होंने जिस प्रकार की जीवटता और साहस का परिचय दिया और सभी कार्यकर्ताओं को संभाला वह आज भी मेरे मानस पटल पर अंकित है। उस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश से केवल मैंने और मोहन जी ने ही प्रतिनिधित्व किया था। इसके तत्काल बाद हुए राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में उन्हें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय मंत्री बनाया गया। उसके बाद का विवरण आज सभी समाचार पत्रों की और चैनलों की सुर्खियों में है । लगभग 30 वर्षों तक मोहन जी के साथ काम करने का अनूठा अवसर और उस दौरान की स्मृतियां आज पुन: जागृत हो गई है। आखिर हमारे मोहन जी मध्यप्रदेश के मुखिया के रूप में प्रतिष्ठित जो हो गए हैं यह मेरा अटल विश्वास है कि उनके नेतृत्व में मध्य प्रदेश में ना केवल विकास की निरंतरता जारी रहेगी वहीं सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने और उनके संरक्षण की भी नई इबारत लिखी जावेगी। आज मोहन जी भाई साहब मध्य प्रदेश के मुखिया के रूप में शपथ ले रहे हैं तो उनसे जुड़ा हर मन गौरवान्वित है, आनंदित है, प्रफुल्लित है। डॉ. मोहन यादव का कोटि-कोटि अभिनंदन और भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय एवं प्रादेशिक नेतृत्व का आभार।



डॉ. क्षितिज पुरोहित

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 101 | 2100 | 2480 |
| उडद | 23 | 7050 | 8250 |
| सोयाबीन | 6700 | 4400 | 4960 |
| गैहु | 1889 | 2418 | 3036 |
| चना | 260 | 5089 | 5477 |
| मसुर | 177 | 5330 | 5650 |
| धनिया | 444 | 5601 | 7775 |
| लहसुन | 12000 | 5000 | 24500 |
| मैथी | 655 | 4500 | 6791 |
| अलसी | 1485 | 4500 | 5270 |
| सरसो | 531 | 4952 | 5278 |
| तारामीरा | 00 | 00 | 00 |
| इसबगोल | 13 | 8500 | 18001 |
| प्याज | 11000 | 370 | 2350 |
| कलोंजी | 101 | 9400 | 16741 |
| डॉलर | 14 | 11601 | 13603 |
| तिल्ली | 31 | 13100 | 15881 |
| मटरसुखी | 4 | 2360 | 2681 |
| असालीया | 17 | 7500 | 10741 |

Office of The Municipal Council, Mandsaur (M.P.)

Phone 07422-292700

(Website: https://nagarpalikamandsaur.com) (e-mail: cmomandsaur@mpurban.gov.in)

No./ 4628/E-Tender/PWD/2023 Mandsaur, Date 12/12/2023

Notice Inviting e-Tenders (2nd call)

Notice Inviting e-Tenders Online percentage rate bids for the following work are invited from registered Contractors and farms of repute fulfilling registration criteria. The following works and same will be received online at http://www.mptenders.gov.in as per key dates.

| Tender No. | Name of Work | Probable Amount (In RS) | EMD Amount (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of Completion (In Months) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023-UAD_ 319258_1 | Selection of Contractor for The Work of "Legacy Waste Dumpsite Remediation through Bioremediation, Biomining and disposal of Residual waste" in Nagar Palika, Mandsaur, Dist Mandsaur (2nd call) | 3,47,12,700 | 1,73,564 | 15,000 (+GST) | 9Month |

✲ The Besides intending to particulars in this tender are required to get enrolled/registered on the e-procurement website https://www.mptenders gov.in and get empanelled on the sub portal of public empanelment on the above portal and said is mandatory.

✲ Tender documentation can be purchased from 12/12/2023 (05:30 PM) to 27/12/2023(5:30PM) & Bid submission only be online from https://www.mptenders.gov.in by making online payment of portal fees as online processing charges last date 27.12.2023 up to 5:30 PM.

✲ Tender Opening Date 29.12.2023 by 11:00 AM. The bidder can participate and submit the tender. having registration in the equivalent category in the Government of Madhya Pradesh.

✲ The brief tender notice and all the conditions and specifications can be seen in detail in the tender document.

✲ Amendment to NIT, if any would be published on the website, not in the newspaper.

✲ For details on tendering procedure through the electronics tendering system, please refer to the guidelines for using Electronic tendering System Documents available along with tender documents at the portal https://www.mptenders.gov.in.

President
Nagar Palika Mandsaur, Mandsaur (M.P.)

Chief Municipal Officer
Nagar Palika, Mandsaur, Mandsaur (MP)

# बड़ी सादड़ी-नीमच रेलवे लाईन का वर्क आर्डर जारी

## नए साल में शुरु होगा काम, रतलाम मंडल की जगह अजमेर मंडल कर रहा काम

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** बड़ी सादड़ी को नीमच रेलवे से 48 किमी नई विद्युतीकृत रेल लाइन के लिए रेल मंत्रालय ने बजट, वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। रेलवे ने 2017 में इस रेल लाइन को मंजूर किया और 26 फरवरी 2019 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री थावरचंद गेहलोत ने इसका भूमि पूजन किया। पहले इस कार्य को पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल करने वाला था। अब इस कार्य को उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर मंडल कर रहा है। इसकी एक बड़ी वजह 48 किमी लंबाई में मध्यप्रदेश का हिस्सा मात्र 9 किमी और शेष हिस्सा 39 किमी राजस्थान में है। दूसरी वजह यह रही कि पश्चिम रेलवे पर इस कार्य को धीमी गति से करने का आरोप लगा था। सात बड़े एवं 57 छोटे ब्रिज प्रस्तावित है। तीन साल में काम पूरा करने का लक्ष्य है। पहले फेज में 21 किलोमीटर का वर्क आर्डर जारी हुआ है, यानी बड़ीसादड़ी से बरवाड़ा गुर्जर तक काम इस महीने के अंत तक या फिर अगले साल के शुरु में जनवरी में शुरू कर दिया जाएगा। बड़ीसादड़ी तहसील में जमीन अधिग्रहण के रुपए लोगों के खातों में डाल दिए, वहीं छोटीसादड़ी तहसील में भी बहुत जल्द रुपए ट्रांसफर की कवायद की जा रही है।

### बी और डी प्रकार के स्टेशनों में ये रहेगी सुविधा...

**बी क्लास स्टेशन-** वे सभी बड़े स्टेशन जो स्पेशल क्लास स्टेशन नहीं हैं, बी क्लास स्टेशन हैं। भारतीय रेल में सबसे अधिक यही स्टेशन हैं। कारण बिल्कुल स्पष्ट है कि किसी भी गाड़ी को लाइन क्लियर देने के बाद भी शंटिंग कर सकते हैं। क्योंकि, होम सिग्नल के आगे पर्याप्त दूरी तक लाइन खाली है तो भी लाइन क्लियर दी जा सकती है। स्टार्टर तक लाइन खाली होने की शर्त लागू नहीं होती। डबल लाइन सेक्शन में अमूमन 2 मेन लाइन, 2 लूप लाइन और सिंगल लाइन सेक्शन में 1 मेन लाइन और 2 लूप लाइन होती है। ऐसे स्टेशनों पर लूप लाइन में एक ट्रेन खड़ी करके मेन लाइन से दूसरी महत्वपूर्ण ट्रेन आगे निकाली जा सकती है। बड़े यार्डों में लूप लाइन ज्यादा हो सकती हैं।

### डी क्लास स्टेशन

ये हाल्ट स्टेशन या फ्लैग स्टेशन होते हैं, जो दो बी क्लास स्टेशन के बीच में कहीं भी पब्लिक की मांग पर बना दिये जाते हैं। यहां कोई आपरेटिंग स्टाफ नहीं होता, कोई सिग्नल नहीं होते, केवल प्लेटफॉर्म होते हैं। यहां केवल पैसेंजर (साधारण) ट्रेन 1-2 मिनट के लिए रुकती हैं और अपने आप चल देती हैं। यात्रियों के लिए टिकट बेचने के लिए लोकल किसी व्यक्ति को कमीशन बेसिस पर रेलवे नियुक्त कर देती है, अपने नियमानुसार।



### रेल लाइन से यह होंगे फायदे...

✲ मेवाड, मालवा, मारवाड सहित मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात में आवागमन सुलभ हो जाएगा। ✲ नीमच में सीआरपीएफ की छावनी है। राजस्थान से लगती पाकिस्तान सीमा पर तनाव के समय नीमच से सेना के जवानों व सामान को मारवाड़ में भेजने के लिए सीधा व सुगम मार्ग हो जाएगा। ✲ प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्रीनाथजी, रामदेवरा व नाकोड़ाजी तक जाना आसान होगा। ✲ राजस्थान-मध्यप्रदेश, गुजरात की सामाजिक और राजनीतिक कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी। ✲ अभी नीमच से उदयपुर तक की दूरी 121 किमी तय करनी होती है। इस लाइन के बिछने के बाद बड़ीसादड़ी, मावली होकर रेल जाएगी, यह सफर 30 किमी कम हो जाए। ✲ नीमच में कृषि उपज मंडी सहित नारकोटिक्स विभाग का कार्यालय होने से छोटीसादड़ी, बड़ीसादड़ी, कानोड, भींडर सहित मावली तक के किसानों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। स्टोन सिटी बिनोता में पत्थर की खदानें होने की वजह से माल लाने और ले जाने में भी सुविधा रहेगी।

# राजस्थान में भी चौंकाने वाला फैसला

## भजन लाल शर्मा होंगे नए मुख्यमंत्री, दिया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा डिप्टी सीएम, वासुदेव हेमनानी विधानसभा अध्यक्ष



**जयपुर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** आखिरकार राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के नाम से पर्दा उठ गया है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की तर्ज पर राजस्थान में भी मुख्यमंत्री के नाम ने सबको चौंका दिया। भजन लाल शर्मा राजस्थान के नए मुख्यमंत्री होंगे। विधायक दल की बैठक में 60 साल के भजन लाल शर्मा के नाम पर फाइनल मुहर लगने के बाद उनके नाम का ऐलान कर दिया गया है। वे जयपुर के सांगानेर विधानसभा सीट से विधायक हैं। मप्र और छत्तीसगढ़ की तरह राजस्थान में भी दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है. वासुदेव देवनानी विधानसभा अध्यक्ष होंगे। दीया कुमारी जयपुर के विद्याधर नगर से विधायक है। जबकि, प्रेमचंद बैरवा दूदू से विधायक है। इससे पहले दोपहर 1.45 बजे नए सीएम के ऐलान के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित तीन पर्यवेक्षक जयपुर पहुंचे। राजनाथ सिंह समेत अन्य नेताओं का राजस्थान के नेताओं की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी भी मौजूद रहे। इसके बाद भाजपा के प्रदेश कार्यालय में विधायकों और पर्यवेक्षकों का एक फोटो सेशन हुआ। फिर विधायक दल की बैठक हुई। गौरतलब है कि राजस्थान में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा। इसे लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन, आलाकमान ने सारे क्यासों पर विराम लगाते हुए भजन लाल शर्मा को राजस्थान की कुर्सी सौंपी है।

### सांगानेर से चुने गए विधायक...

भजन लाल शर्मा जयपुर की सांगानेर विधानसभा से पहली बार विधायक चुने गए है। बीजेपी ने 2023 के विधानसभा चुनाव में वर्तमान विधायक अशोक लौहाटी का टिकट काट कर भजन लाल शर्मा को दिया। भजन लाल शर्मा ने कांग्रेस के पुष्पेंद्र भारद्वाज को 48081 वोटों से शिकस्त दी।

### वसुंधरा राजे ने रखा नए सीएम का प्रस्ताव...

राजस्थान ने भी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे नए सीएम के नाम का प्रस्ताव रखा है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में पूर्व सीएम रमन सिंह और मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह ने नए सीएम के नाम का प्रस्ताव रखा था। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने स्वागत भाषण दिया।

# चुनाव बाद जिला स्तरीय पहली जनसुनवाई गरोठ में संपन्न

## कलेक्टर ने मौके पर ही किया शिकायतों का त्वरित निराकरण

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव संपन्न होने के पश्चात जिला स्तरीय पहली जनसुनवाई गरोठ विकासखंड में आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान जितने भी आवेदन आए। उनका कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने तुरंत मौके पर ही निराकरण किया। ऐसे आवेदन जिनका निराकरण नहीं हो सका। उसका निराकरण करने के लिए विभाग के अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश प्रदान किए।

जनसुनवाई के दौरान सीमांकन करने के मामले, सीमांकन के पश्चात अतिक्रमण हटाने के मामले आए। जिस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीमांकन के मामलों का तुरंत निराकरण करें। जमीन अगर सरकारी जमीन है, तो उसको तुरंत अतिक्रमण मुक्त करें। संबल पंजीयन निरस्त होने के कारण एक शिकायतकर्ता द्वारा आवेदन दिया गया। जिस पर कलेक्टर ने जनपद गरोठ सीईओ को निर्देश दिए कि इसके लिए एसडीएम कोर्ट में अपील करवाए।

एक किसान द्वारा आवेदन दिया गया कि गेहूं उपार्जन का भुगतान संयुक्त खाते में हो गया है। जिसकी राशि मुझे प्रदान की जाए। जिस पर कलेक्टर ने विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि उक्त किसान की राशि का भुगतान कल तक किसी भी स्थिति में करें। 8 लेन निर्माण के दौरान किसानों को दिए जाने वाले मुआवजे के लिए भी आवेदन दिया गया। स्वामित्व योजना में आवास पट्टा प्राप्त हो इसके लिए शिकायतकर्ता द्वारा आवेदन दिया गया। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम गरोठ को जांच कर पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिए। एक महिला द्वारा आवेदन दिया गया कि पीएम आवास अभी तक पूर्ण नहीं हुआ जिसको जल्द पूरा करवाया जाए। जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ को निर्देश देते हुए कहा कि पीएम आवास जल्द पूर्ण करें। आवास को पूर्ण न करने में दोषी व्यक्ति पर कार्यवाही करें।



जनसुनवाई के दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारी, विकासखंड स्तरीय अधिकारी, गरोठ एसडीएम, सीईओ मौजूद थे।

# भूमि नामांतरण के लिए 8 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ी गई आलोट की महिला पटवारी प्रियंका सोनी

**रतलाम, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के आलोट में पदस्थ एक महिला पटवारी को लोकायुक्त पुलिस के दल ने एक व्यक्ति से भूमि के नामांतरण के लिए आठ हजार रु. की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

लोकायुक्त उज्जैन से मिली जानकारी के अनुसार आलोट के ग्राम आनन्दगढ निवासी किसान भारत सिंह चौहान को अपनी भूमि का नामांतरण करवाना था। इसके लिए उनसे तहसील कार्यालय में आवेदन दिया था। आलोट के पटवारी हल्का न.27 में पदस्थ महिला पटवारी प्रियंका सोनी ने नामांतरण के लिए भारत सिंह से आठ हजार रु. रिश्वत देने की मांग की। आवेदक ने इस बात की शिकायत लोकायुक्त एसपी अनिल विश्वकर्मा को की थी। लोकायुक्त पुलिस ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद योजना बनाई और भारत सिंह को विशेष रसायन लगे रिश्वत के नोट लेकर प्रियंका सोनी को देने भेजा। प्रियंका सोनी ने आवेदक भारत सिंह को आलोट के कारगिल चौराहे पर बुलाया था। लोकायुक्त पुलिस के ट्रैपकर्ता अधिकारी निरीक्षक डा. बसन्त श्रीवास्तव ने पूर्व योजनानुसार भारत सिंह को रिश्वत की रकम लेकर कारगिल चौराहे पर भेजा। जैसे ही भारत सिंह ने भ्रष्टमहिला पटवारी को रिश्वत की रकम सौंपी, लोकायुक्त पुलिस ने दल ने भ्रष्ट पटवारी को पकड लिया। महिला पटवारी के हाथ विशेष रसायन से धुलवाए जाने पर उसके हाथ रंग गए। लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्ट पटवारी प्रियंका सोनी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। लोकायुक्त पुलिस की इस कार्यवाही में निरीक्षक बसन्त श्रीवास्तव के अलावा, विशाल रेश्मिया, इसरार, महेंद्र जाटवा, संजय पटेल, और 02 महिला आरक्षक शामिल थे।



# बाबू गेनू ने स्वदेशी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये

### स्वदेशी जागरण मंच ने अमर शहीद बाबू गेनू का बलिदान दिवस मनाया

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्वदेशी जागरण मंच जिला मंदसौर द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सैनानी अमर शहीद बाबू गेनू की पुण्यतिथि कॉमर्स मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट पर मनाई गई। अमर बाबू गेनू जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने अमर शहीद बाबू गेनू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1 जनवरी 1908 को महाराष्ट्र के पुणे जिले के अंबेगांव तालुका में जन्मे बाबू गेनू ने अंग्रेजों की नींव हिला दी थी। जब बाबू गेनू मुंबई की एक कारखाने में कार्यरत थे, तब वे स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में बढ़-चढ़कर भागीदारी किया करते थे। एक समय अंग्रेज अधिकारी सार्जेंट विदेशी कपड़ों से भरी ट्रक को बाजार में बेचने जा रहा था, तब बाबू गेनू ने विदेशी कपड़ों का विरोध कर स्वदेशी की अलख जगाई। स्वदेशी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर बलिदानी वीर बाबू गेनू मात्र 22 वर्ष की युवावस्था में 12 दिसंबर 1930 को मां भारती के चरणों में समर्पित हो गए। इस अवसर पर संचालक रजत जैन, मंच जिला संगठन मंत्री दिलीप व्यास, जिला संयोजक अंकुश पालीवाल, मयंक सिंह राजावत, तहसील संयोजक दिलीप चौधरी, तहसील सहसंयोजक किशन पांडे और सतीश बैरागी, गोविंदसिंह सिसोदिया, राजेश चौहान, हेमंत नामदेव, अनिरुद्ध गौर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह समस्त जानकारी दिलीप चौधरी द्वारा दी गई।

# दशपुर रंगमंच ने अभिनेता दिलीप कुमार का 101 वां जन्मदिन मनाया

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर की सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच द्वारा हिन्दी सिनेमा के महान अभिनेता दिलीप कुमार का 101वां जन्मोत्सव उनके गीतों को गाकर मनाया।

कार्यक्रम की शुरूआत नन्दकिशोर राठौर ने दिल तड़प-तड़प के कह रहा है आ भी जा गीत गाकर की। हिमांशु वर्मा ने सुख के सब साथी दु:ख में न कोय सुनाकर आधुनिक युग की वास्तविक को दर्शाया। डॉ. महेश शर्मा ने गीत गाये जा गीत मिलन के तू अपनी लगन से सजन घर जाना है की सुंदर प्रस्तुति दी। आबिद भाई ने दिलीप कुमार साहब की फिल्म का प्रसिद्ध गीत न तू जमी के लिये है न आसमां के लिये सुनाया। लोकेन्द्र पाण्डे ने दिलीप कुमार पर फिल्माया सदाबहार देशभक्ति गीत हर करम अपना करेंगे ए वतन तेरे लिये को सुनाकर कार्यक्रम में जोश भर दिया। स्वाति रिछावरा ने गीत जुल्मी संग आंख लड़ी तथा सतीश सोनी ने गीत मेरे पेरो में घूंघरू बंधा दे तो फिर मेरी चाल देख ले सुनाया। तोरानी राठौर ने गीत आ जा रे परदेशी मैं तो कबसे खड़ी इस पार को सुनाया। राजकुमार ने सुहाना सफर और ये मौसम हंसी की प्रस्तुति दी। अभय मेहता ने ये मेरा दिवानापन है या मोहब्बत का सुरूर सुनाया। कार्यक्रम में राजा भैया सोनी व श्याम गुप्ता ने भी गीत प्रस्तुत दी। कार्यक्रम के दौरान दशपुर रंगमंच के संचालक अभय मेहता की माताजी श्रीमती नवलबाई मेहता का जन्मदिन भी मनाया। साथ ही प्रसिद्ध कॉमेडियन जूनियर महमूद को भी श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन अभय मेहता ने किया एवं आभार ललिता मेहता ने माना।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महोत्सव के शुभारंभ पर निकलेगी 17 को भव्य पौथी एवं कलश यात्रा, बैठक संपन्न

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 17 से 23 दिसंबर तक रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन नयापुरा रोड पर काबरा एव गर्ग केडिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव की तैयारी अंतिम चरणों में चल रही है। महामंडलेश्वर पूज्य महर्षि श्री उत्तम स्वामी कथा प्रवचन करेंगे। प्रथम दिन 17 दिसंबर को चारभुजा नाथ मंदिर बड़ा चौक से भव्य ऐतिहासिक शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसी संदर्भ में माहेश्वरी धर्मशाला में महिला मंडल की एक वृहद बैठक मंगला मुखी किन्नर गुरु अनीता दीदी के सानिध्य में संपन्न हुई जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति ने कलश यात्रा में 1100 के लक्ष्य से भी अधिक महिलाओं को सम्मिलित करने का संकल्प लिया।

बैठक को किन्नर गुरु अनिता दीदी, आयोजक परिवार से श्रीमती आशा काबरा, श्रीमति रितु गर्ग, चारूगर्ग, श्रीमती प्रीति रोखले, श्रीमती आशा अग्रवाल, श्रीमती किरण मावर, अंजु तिवारी, पार्षद प्रमिला गोयल, पार्षद दिव्या माहेश्वरी, सुनीता भावसार, जमुना बाफना, शशि मारू रानी सिंहल, भारती अग्रवाल साक्षी जैन, सभापति दीपमाला मकवाना, पूर्व सभापति पार्षद सुनीता बाहेती, विनीता संघवी एव निशा कुमावत आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के प्रथम दिन प्रात: 8:30 बजे चारभुजा नाथ मंदिर बड़ा चौक से शोभायात्रा एवं कलश यात्रा आरंभ होगी जो गणपति चौक, अशोक टॉकीज रोड, शुक्ला चौक, घंटाघर, नयापुरा रोड से होकर माहेश्वरी भवन पहुंचेगी। प्रथम दिन महामंडलेश्वर महर्षि पूज्य श्री उत्तम स्वामी एक घंटा कथा प्रवचन करेंगे। प्रतिदिन प्रवचन का समय दोपहर 1:00 बजे से सायंकाल 5:00 बजे तक का रहेगा। बैठक में लाभार्थी परिवार के प्रहलाद काबरा, महेश गर्ग, पियूष गर्ग तथा कृष्ण चंद्र चिचानी, नरेन्द्र अग्रवाल, ब्रजेश जोशी, राजकुमार सिंहल, राजेश गर्ग आदि उपस्थित थे।



## गरोठ में पांच दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन आज से

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में गरोठ के छत्री चौक, पीपलवाली गली (रामपुरा दरवाजा) पर दिनांक 13 से 17 दिसम्बर 2023 तक प्रतिदिन रात्रि 7 से 10 बजे तक आर्य जगत की ख्याति प्राप्त सुश्री अंजली आर्या (करनाल हरियाणा) के मुखारविन्द से संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है।



उक्त जानकारी देते हुए आर्य समाज मंदसौर के अध्यक्ष मधुसुदन आर्य ने बताया कि संस्कृति, सनातन धर्म एवं राष्ट्र रक्ष्ज्ञा के लिये संस्कारों के निर्माण हेतु पांच दिवसीय कथा की ज्ञान गंगा गरोठ में बहेगी। इस कथा में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिये ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था गरोठ में की गई है। आपने सभी धर्मालुजनों से कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है।

# राजपूत सिंह सभा महिला विंग संगठन का मिलन समारोह संपन्न

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** लगातार 20 वर्षों र्से सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में सक्रिय राजपूत महिला विंग सभा के द्वारा मिलन समारोह एक रेस्टोरेन्ट में सीमा कुशवाहा के अध्यक्षता में अर्पण कुशवाहा के नेतृत्व पृथ्वीराज चैहान एवं महाराणा प्रताप के पूजन करते हुए माल्यार्पण करते हुए महिला विंग की छात्राणियों ने शपथ ली मातृभूमि को बचाने के लिए हम अपनी संतानों को सेवा में भेजते रहेंगे।

आर्मी, थल, वायु सेना में हमारे बच्चे अग्रणी भूमिका में रहेंगे और सेवा दोनों हमारे मुख्य प्रकल्प रहेंगे आज भी हमारे भारत की रक्षा में सबसे ज्यादा राजपूत का योगदान रहता है और हम शपथ लेते हैं इस मातृभूमि की हर जन्म हमको भारत मां का आंचल मिले यही हमारी भावना रहेगी। इस कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे एमपी सिंह परिहार पूर्व अध्यक्ष राजपूत सिंह सभा ने कहा राजपूत स्वाभिमान के लिए जिंदा रहता है उसको किसी भी चीज का लालच नहीं वह सब कुछ स्वाभिमान के लिए करता है और हमारी बहनें भी इसके लिए ही पहचानी जाती है राजपूत बहनों का इतिहास है वह अनीति के आगे कभी नहीं झुकती भगवान पशुपतिनाथ की नगरी में राजपूत सिंह सभा ने अपना एक स्थान हासिल किया है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित दशपुर जागृति संगठन के संयोजक एवं राजपूत सिंह सभा के प्रवक्ता सत्येंद्र सिंह सोम ने कहा सेवा के क्षेत्र में घर से शुरुआत होना चाहिए मंच से और माइक से भाषण देना बहुत सरल है भारत त्योहारों का देश है।

सचिव विजेंद्र सिंह चैहान ने कहा कि यह समय समाज को उप्रर उठाने का है एकजुट होकर हम समाज के सुख-दुख में खडे रहना ही सबसे बड़ा कर्तव्य है। राजपूत सिंह सभा महिला विंग अध्यक्ष सीमा कुशवाहा ने इस अवसर पर कहा कि हम मंदसौर के साथ जिले की सभी बहनों को जोड़कर कार्य कर रहे हैं और जो भी राजपूत परिवार राजपूत महिला विंग से जुड़ना चाहता है उसका हम स्वागत करते हैं हमें खुशी है कि 20 वर्षों र्से लगातार राजपूत सिंह सभा मंदसौर क्षेत्र में कार्य कर रही है ठीक है। अर्पण कुशवाहा सचिव ने कहा कि राजपूत परिवारों में नशे की प्रवृत्ति को दूर करने का लक्ष्य हमारा रहेगा मांस आहार, नशा यह अभिशाप समाज के लिए इसको हटाना होगा दहेज प्रथा भी हमारे समाज में सबसे ज्यादा है जिसमें हमारे कई बहाने परेशान होती है यह समाज से दूर करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा ही हम एक दूसरे के करीब आकर समाज के बहन बेटियों को योग्य वर वधु मिले इसके लिए भी हम कार्य करेंगे।

समाज के गौरव श्री राजपूत करनी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय श्री सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की आत्मा की शान्ति के लिए श्रद्धांजलि देकर दो मिनट मोन रखा गया। इस अवसर पर एम पी सिंह परिहार, सत्येंद्र सिंह सोम, विजेंद्र सिंह चैहान, सत्येंद्र सिंह कुशवाह, राजेंद्र सिंह कुशवाह, जय सिंह तोमर, कोषाध्यक्ष श्रीमती सपना तोमर उपाध्यक्ष श्रीमती सपना चंदेल सहसचिव श्रीमती पूजा सेंगर, श्रीमती वैशाली चैहान ,कार्यकारिणी सदस्य ससुश्रीश्रीमाधवी कुशवाहा श्रीमती मंजू तोमर श्रीमती शर्मिला चैहान श्रीमती नेहा चंदेल, श्री जय सिंह तोमर, श्री राजेन्द्र सिंह कुशवाह, श्री प्रदीप सिंह चंदेल और श्री सतेन्द्र सिंह कुशवाह उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी श्रीमती किरण सेंगर ने दी।




# कार्यालय नगर परिषद सीतामऊ, जिला मंदसौर (म.प्र.)

Phone & Fax No.-07426-222031, Email-cmositamahu@mpurban.gov.in

क्रमांक-1434/निर्माण/2023 सीतामऊ, दिनांक 11.12.2023

## ✲ ई-निविदा आमंत्रण सूचना ✲

एतद् द्वारा समस्त लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद सीतामऊ द्वारा नगर में निम्नानुसार निर्माण कार्यो हेतु निविदा नगरीय प्रशासन के प्रचलित नवीन एस.ओ.आर. दिनांक 02.08.2021 से प्रभावशील दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण राज्य शासन के टेण्डर वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

### कार्य का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

| क्रं. | ऑनलाईन टेण्डर नंबर | स्थान एवं कार्य का नाम | कार्य की लागत (जीएसटी छोड़कर) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2023_UAD_318995_1 | मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) अंतर्गत वार्ड क्रं.03 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 44,87,242/- | 34,000/- | 5,000/- | 6 माह | द्वितीय आमंत्रण |
| 02 | 2023_UAD_318996_1 | वार्ड क्रं.06 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (सांसद योजना राज्यसभा निधि) | 8,54,614/- | 9,000/- | 2,000/- | 6 माह | द्वितीय आमंत्रण |

**निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि-26.12.2023, सायंकाल 05.30 बजे तक एवं निविदा दर ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि-26.12.2023, सायंकाल 05.30 बजे तक।**

शर्ते - 1. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिए राज्य शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर सुविधा उपलब्ध है। अधिकारी जानकारी के लिए नगर परिषद सीतामऊ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर सम्पर्क किया जा सकता है।

2. अमानत राशि एफ.डी.आर. के माध्यम से ऑनलाईन जमा कराना अनिवार्य है निकाय द्वारा अमानत राशि को लेकर किसी भी प्रकार की कोई छूट नहीं दी जावेगी।


3. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगरपालिका परिषद सीतामऊ के पास सुरक्षित रहेगा।

4. सशर्त निविदा मान्य नहीं की जावेगी।

5. संबंधित ठेकेदार अपनी दर प्रस्तुत करने के पहले निविदा प्रपत्र के सेक्शन-3 कंडीशन ऑफ कांट्रेक्ट पार्ट -II स्पेशल कंडीशन ऑफ कांट्रेक्ट (SSC) का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद, सीतामऊ**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in


मध्यप्रदेश शासन
एमपी के
मन में मोदी
जन-जन का
आभार
आपने चुनी
डबल इंजन सरकार
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मध्यप्रदेश की
नवनिर्वाचित सरकार का
शपथ ग्रहण
समारोह
13 दिसम्बर, 2023
पूर्वाह्न 11:30 बजे
मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, भोपाल
डॉ. मोहन यादव
नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री
सीधा प्रसारण
DDMP
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11153/23
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023